भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5973
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

दिल्ली में पर्यटन का संवर्धन

†5973. श्री मनोज तिवारी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास दिल्ली में नए पर्यटन सर्किट विकसित करके और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर अवसंरचना में सुधार करके पर्यटन का संवर्धन करने का विचार है;

(ख) सरकार द्वारा दिल्ली में विरासत, सांस्कृतिक और नदी आधारित पर्यटन का संवर्धन करने के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास यमुना नदी के किनारे नदी क्रूज या वाटरफ्रंट विकास जैसी पर्यटन गतिविधियों का संवर्धन करने का विचार है; और

(घ) दिल्ली में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पर्यटन विकास परियोजनाओं के लिए आवंटित की गई और उपयोग की गई निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): विरासत, सांस्कृतिक और नदी आधारित पर्यटन सहित पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है।

तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी 2.0 की एक उप-योजना, तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसी (एसीएटीआईडी) को सहायता' नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसी को योजना दिशा-निर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुरूप, उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर (डीपीआर) और निधियों की उपलब्धता तथा परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसरंचना विकास के उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

परियोजना को मंजूरी देना एक सतत् प्रक्रिया है। वर्तमान में, रिवर क्रूज अथवा वॉटरफ्रांट सहित यमुना नदी के किनारे पर्यटन कार्यकलापों के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद के तहत दिल्ली में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी गई है, हालांकि, मंत्रालय ने अपनी एसीएटीआईडी योजना के तहत कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी कई पहलों के माध्यम से विरासत, संस्कृति और नदी आधारित पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। इस तरह के संवर्धन विभिन्न प्लेटफार्मों, कार्यक्रमों, वेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर की गई विभिन्न विपणन पहलों के माध्यम से किए जाते हैं।

*****

अनुबंध

श्री मनोज तिवारी द्वारा दिल्ली में पर्यटन के संवर्धन के संबंध में दिनांक 30.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †5973 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

दिल्ली में एसीएटीआईडी योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**क्रियान्वयन एजेंसी**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)**	**प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में)**
1.	विश्व विरासत स्थल हुमायूं का मकबरा, नई दिल्ली में व्याख्या केंद्र का निर्माण।	आगा खान फाउंडेशन	2013-14	49.45	49.45	49.45
2.	पुराना किला, दिल्ली में साउंड एंड लाइट शो	भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी)	2019-20	14.04	5.37	5.37
3.	राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा के भवन की प्रकाश व्यवस्था	राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम)	2019-20	3.80	3.04	1.90
4.	राष्ट्रीय संग्रहालय की चयनित सुविधाओं का विकास और नवीनीकरण	राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम)	2019-20	43.73	21.86	13.2
5.	एनजीएमए भवन का 3डी विजुअल प्रोजेक्शन मैपिंग	राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम)	2020-21	6.16	4.65	4.29
6.	परियोजना 'राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र का वृहत उन्नयन'	राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम)	2022-23	31.80	0.18	0.18
7.	राष्ट्रपति भवन में साउंड एंड लाइट और मल्टीमीडिया शो का विकास	भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी)	2023-24	47.12	15.68	9.66

*****